>

Title: Need to resume construction of N.H.-28 from Piprakothi in Bihar to Kasya in Uttar Pradesh.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): बिहार के पिपराकोठी से बथनाकुटी होते हुए उत्तर प्रदेश के कसया तक एन.एच. 28 का निर्माण कई वर्षों से किया जा रहा है। इस पथ के पैकेज-9 के सम्वेदक द्वारा लापरवाही के साथ सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा था, जिसकी जाँच-पड़ताल होने के कारण सम्वेदक उक्त निर्माण कार्य को बाधित कर भाग गया, जिसकी वजह से सड़क का निर्माण लगभग तीन वर्षों से रूका पड़ा है। इस सड़क का निर्माण कार्य रूकने के कारण पूरी सड़क गड्ढों में परिवर्तित हो गई है, जिस पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन दुर्घटनाओं में अब तक पांच सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि पूरे बिहार के विकास एवं आमजनों की सुरक्षा के हित में इस सड़क का निर्माण शीघ्र करवाया जाए। साथ ही सड़क का निर्माण कार्य बाधित करने के जिम्मेवार सम्वेदक के खिलाफ ठोस कार्रवाई कराई जाए।